कार्यालय-छात्र कल्याण अधिष्ठाता
(चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ)

पत्रांकः DSW/
दिनांकः 27.08.2024

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर के विभागों में संचालित सभी परास्नातक एवं परास्नातक स्तर के सभी सर्टिफिकेट व डिप्लोमा पाठ्यक्रमों शैक्षिक सत्र 2024–25 की प्रथम वरीयता सूची (मेरिट लिस्ट) दिनांक 27.08.2024 की शाम को प्रकाशित की जायेगी।

प्रथम वरीयता सूची के आधार पर विश्वविद्यालय परिसर विभागों में दिनांक 28.08.2024 से दिनांकः 30.08.2024 तक प्रवेश किये जायेंगे। विश्वविद्यालय परिसर विभागों द्वारा विश्वविद्यालय पोर्टल पर दिनांक 30.08.2024 तक समस्त प्रवेशित अभ्यर्थियों का प्रवेश सम्पुष्ट (कन्फर्म) सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य है।

सम्बन्धित परिसर विभागों में प्रवेश लेने हेतु समस्त अभ्यर्थी अपनी लॉगइन आई0डी (login ID) से अपना पंजीकरण फॉर्म एवं ऑफर लेटर डाउनलोड करेंगे। पंजीकरण फॉर्म एवं ऑफर लेटर के साथ अपने शैक्षिक प्रमाण, आरक्षण समबन्धी प्रमाण, मूल निवास, आधार आदि समस्त प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करते हुए मूल प्रमाण पत्रों के साथ सम्बन्धित विश्वविद्यालय परिसर विभाग में प्रवश हेतु सम्पर्क करेंगें।

प्रथम वरीयता सूची में प्रथम वरीयता पर अंकित विश्वविद्यालय परिसर विभाग आवंटित होने पर यदि अभ्यर्थी प्रवेश लेने में असमर्थ रहता है, तो ऐसे अभ्यर्थियों को ओपन मेरिट में ही प्रवेश का अवसर दिया जायेगा।

27/8/24
प्रवेश समन्वयक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ :–

1. वैयक्तिक सहायक कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
3. परीक्षा नियंत्रक, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

27/8/24
प्रवेश समन्वयक